दिन– शुक्रवार दिनांक– 25 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानमंडल के मॉनसून सत्र का आज अंतिम दिन। पिछले चार दिनों से एसआईआर को लेकर विधानसभा और विधान परिषद में गतिरोध जारी।

02. सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में बिहार की विकास दर चौदह दशमलव चार सात प्रतिशत रही। यह राष्ट्रीय औसत से चार दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है।

03. बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। बेगूसराय, कैमूर, गया, नवादा और जमुई समेत आस–पास के दस जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

---

विधानमंडल के मॉनसून सत्र का आज अंतिम दिन है। सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। इस सत्र में पिछले चार दिनों के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर विधानसभा और विधान परिषद में लगातार गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। कल विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इस दौरान आक्रोशित सदस्यों ने रिपोटर्स टेबल और कुर्सी पलट दी तथा माईक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा सदन में उनके भाषण को बार–बार बाधित किया जा रहा था। श्री यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा से बच रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजद समेत महागठबंधन के सभी दल चुनाव बहिष्कार के विकल्प पर गम्भीरता से विचार करेंगे।

–––बाईट–––

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक राजेश राम ने कहा कि उनकी पार्टी अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन का इंतजार करेगी। यदि बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे जाते हैं तो सड़क से संसद तक विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

–––बाईट–––

इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सदन में एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के हर सवाल का सत्ता पक्ष की ओर से जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष बिहार विधानसभा चुनाव में सम्भावित हार को देखते हुये इस मुद्दे को लेकर विरोध कर रहा है।

———बाईट———

इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सत्र में विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन की गरिमा सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को रखने की जरूरत है।

———बाईट———

———————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में बिहार की विकास दर चौदह दशमलव चार सात प्रतिशत रही। यह राष्ट्रीय औसत से चार दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है। विधानसभा में पेश भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास में सबसे अधिक सत्तावन प्रतिशत की भागीदारी सेवा क्षेत्र की रही है। वहीं, प्राथमिक क्षेत्र का योगदान चौबीस दशमलव दो तीन प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में राज्य का कुल बजट तीन दशमलव दो छह लाख करोड़ रूपये का था। इसमें मात्र दो दशमलव छह एक लाख करोड़ रूपये ही खर्च हुये, जो कुल बजट का अस्सी प्रतिशत था।

———————————————————

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि एक लाख मतदाताओं का पता नहीं चल सका है। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची में शामिल इक्कीस लाख छह हजार लोग मृत पाए गए हैं। वहीं, इकतीस लाख पांच हजार से अधिक स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं और सात लाख मतदाता एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के फ़ॉर्म अब तक नहीं मिले हैं। गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि कल तक निर्धारित है। मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जायेग और एक अगस्त से एक सितंबर के बीच दावा–आपत्ति लिये जायेंगे।

———————————————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–दो हजार पच्चीस जारी की। श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

–––बाईट–––

भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक लक्ष्य रखा है कि 2027 में हम विश्व के तीसरे नंबर के अर्थतंत्र बनकर उभर आएंगे और मुझे विश्वास है हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, तीसरे नंबर पर जरूर पहुंच जाएंगे। परंतु इसके साथ–साथ सबका सामूहिकता के साथ विकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो, ऐसा मॉडल बनाना यह भारतीय जनता पार्टी का मूल विचार है, भारत का मूल विचार है।

---

केन्द्र सरकार ने डाटा एंट्री ऑपरेटर और मल्टी–टास्किंग स्टाफ की नियुक्ति से संबंधित एक भर्ती नोटिस को फर्जी बताया है। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि व्हाट्सएप और फेसबुक पर प्रसारित हो रहे संसद भवन में अनुबंध के आधार पर दो सौ डाटा एंट्री ऑपरेटर और मल्टी–टास्किंग स्टाफ की रिक्तियों का दावा करने वाला संदेश फर्जी है।

---

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉनसून की ट्रफ रेखा अभी पटना से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश की सम्भावना है। विभाग ने कहा है कि आज, बेगूसराय, समस्तीपुर, खगड़िया, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इधर, आज सुबह पटना, समस्तीपुर, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, दरभंगा, मुधबनी और नालंदा समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है।

---

गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी समेत राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले दस जिलों में तटबंधों की सुरक्षा के लिए छह हजार कर्मियों की तैनाती की गयी है। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि आवश्यकता होने पर और अधिक तटबंध सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जायेगी। उन्होंने बताया कि रात में भी तटबंधों की पेट्रोलिंग की जा रही है। श्री मल्ल ने कहा कि प्रत्येक दस किलोमीटर पर एक–एक कनीय अभियंता की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इधर, केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर अभी भी पटना के हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर है। नदी का

जलस्तर गांधी घाट में लाल निशान से नीचे चला गया है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कोसी नदी का जलस्तर अभी भी कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी सुपौल के बसुआ और खगड़िया के बलतारा में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है।

---

शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों के बारह हजार सात सौ चौवन शिक्षकों का पारस्परिक तबादला किया है। इसके तहत समान कोटि के शिक्षक एक दूसरे की जगह स्थानांतरित किये गये हैं। विभाग ने ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर ऐसे शिक्षकों की सूची जारी कर दी है।

---

पंचायती राज विभाग ने पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मासिक भत्ता समेत विभिन्न कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए नौ सौ चौवन करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की है।

---

रेलवे ने पटना–अहमदाबाद के बीच संचालित अजीमाबाद एक्सप्रेस का विस्तार राजगीर तक किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने यह जानकारी दी। इधर, बलसाड–दानापुर, उधना–जयनगर, उधना–पटना और डॉक्टर अम्बेदकरनगर–पटना स्पेशल ट्रेन समेत चार रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है।  वहीं, मोकामा–पटना मेमू ट्रेन का गुलजारबाग में भी ठहराव दिया गया है।

---

बेगूसराय के सन्नी कुमार लम्बी कूद के लिए वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज के लिए चुने गये हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। यह प्रतियोगिता दस अगस्त से ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित की जायेगी।

---

सुपौल के जिला पदाधिकारी के निर्देश पर नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं से रिश्वत लेने के आरोप में आईसीडीएस की डीपीओ शोभा सिन्हा और कार्यपालक सहायक चंदन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के नखास चौक के पास डीआईयू और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर विभिन्न योजनाओं के नाम पर ठगी करने के आरोप में दो अपराधियों

को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तिरेपन लाख रूपये और आठ सौ ग्राम सोना भी जब्त किया गया।

---

मुंगेर जिले के लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के न्यू पैसरा गांव में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर कुख्यात नक्सली चमरू कोडा को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सदन में सदस्यों का संग्राम। पक्ष और विपक्ष के बीच अमर्यादित टिप्पणियों से हाथापाई की नौबत आई, संयम और मर्यादा की सीमाएं टूटीं।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– नेता प्रतिपक्ष के संबोधन के बीच शुरू हुआ हंगामा, अनुदान मांग के दौरान बहस, तीखी नोंकझोंक के बाद सदन स्थगित किया गया।

प्रभात खबर की सुर्खी है– विधानसभा में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सभी दलों ने अपना पक्ष रखा, विपक्ष की आशंकाओं पर सरकार ने कहा– किसी भी वाजिब वोटर का नाम नहीं कटेगा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– ब्रिटेन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ। अब निन्यानवे प्रतिशत भारतीय सामान टैक्स फ्री।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– वोटर लिस्ट मामले में दबाव में नहीं आयेगा आयोग। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा– मृत, पलायन कर चुके लोगों के नाम हटेंगे।

आज अखबार ने लिखा है– सुप्रीम कोर्ट में एमिकस क्यूरी की बड़ी सलाह, यौन संबंध के लिए कानूनी सहमति की उम्र अठारह साल से घटाकर सोलह साल की जाए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानमंडल के मॉनसून सत्र का आज अंतिम दिन। पिछले चार दिनों से एसआईआर को लेकर विधानसभा और विधान परिषद में गतिरोध जारी।

02. सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में बिहार की विकास दर चौदह दशमलव चार सात प्रतिशत रही। यह राष्ट्रीय औसत से चार दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है।

03. बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। बेगूसराय, कैमूर, गया, नवादा और जमुई समेत आस–पास के दस जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मोकामा–मुंगेर फोर लेन ग्रीनफील्ड रोड के निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि दो महीने में निविदा प्रक्रिया निष्पादित कर काम शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बयासी किलोमीटर से अधिक लम्बी इस सड़क का निर्माण उनतीस महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इस पर दो हजार दो सौ तैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी।